<u>समाचार</u>

<u>मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना</u>

16 फरवरी को वार्ड क्र. 02, 20, 33, 62 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 15 फरवरी 2021 – निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 फरवरी 2021 मंगलवार को वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 33 रामपुर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 62 नरईबोध जेलपारा स्कूल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।